हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 5 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 देश को सैनिक देने वाले शिक्षक हैं हीरामन ...



07 सत्ता पक्ष के बड़े प्रतिनिधि का दबाव भी नहीं आया...



खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान की भाजपा की बैठक संपन्न

नर्मदापुरम। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर अभियान जिला टोली की बैठक शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय नर्मदापुरम में संपन्न हुई। अभियान जिला संयोजक एवं पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्षों की उपलब्धियों एवं सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जाएगा।

एसटीआर में छत्तीसगढ़ से आया हाथी

नर्मदापुरम। छत्तीसगढ़ से सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा करते हुए एक जंगली हाथी अब सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) की सीमा के करीब पहुंच गया है। हाथी फिलहाल एसटीआर सीमा से करीब 8 से 10 किलोमीटर दूर है। इसके चलते सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम अलर्ट मोड पर है।

नर्मदांचल में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व, जगह-जगह हुए आयोजन

कृष्ण पक्ष की अष्टमी, अर्धरात्रि शुक्रवार समूचे नमर्दांचल में, भयो कृष्ण अवतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में जन्माष्टमी उमंग , उत्साह और हर्षोल्लास से मनी। रात 12 बजते ही गूंज उठा नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की। मंदिरों में शंख और घंटा ध्वनि गूंजी और आरती का आयोजन कर जय जयकार हुई। मध्य रात्रि में शंखनाद, घड़ियाल और आरती की ध्वनि से नर्मदापुरम गूंज उठा। जन्म के पश्चात बाल गोपाल का पंचामृत से अभिषेक किया गया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को धनिया-पंजीरी, माखन-मिश्री और महाप्रसाद का वितरण किया गया। शहर के बांके बिहारी मंदिर , गोपाल मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, कृष्ण मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर, इस्कॉन मंदिर , ग्वालटोली कृष्ण मंदिर सहित अन्य मंदिरों में उत्सव मनाया गया और माखन मिश्री बांटे । ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे मथुरा वृंदावन नर्मदा नगरी बन गई। शहर का नजारा ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पावन नर्मदा तट पर मथुरा और वृंदावन का दिव्य स्वरूप जीवंत हो उठा हो। शहर में आकर्षक झांकियां बनाई गईं।

शुक्रवार को समूचा नर्मदांचल श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबा रहा। जगह-जगह आयोजन हुए।




शहर भर में सजी झांकियां

जन्माष्टमी पर शहर भर में झांकियां सजाई गई है। वहीं स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही कई स्थानों पर शोभायात्रा भी आज निकाली गई। ग्वालटोली काली मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई वहीं सतरस्ते पर भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सम्मान समारोह सहित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसके साथ ही आज मंदिरों कॉलोनियों और घरों में उत्सव मनाया गया और शहर में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही।

कलाकारों ने दीं शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां

जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी का वेश धारण कर रासलीला का मंचन किया गया। इस दौरान दर्शकों ने कलाकारों की सराहना की। कलाकारों ने अपने आकर्षण और सौंदर्य से कलाकारों को घंटों तक श्रीकृष्ण और राधारानी से बांधे रखा। इस कार्यक्रम को सफल मेकअप एवं कॉस्ट्यूम डिजाइन कंचन मनवारे द्वारा किया गया है। कृष्ण के रूप में सुरभि सिंह गौतम तथा राधा के रूप में पायल यदुवंशी ने अपने शानदार लुक और प्रस्तुति से इस पूरे कॉन्सेप्ट को जीवंत कर दिया।



रात को मंदिरों में भजन कीर्तन

शहर में कई स्थानों पर शुक्रवार को मंदिरों में भजन कीर्तन होते रहे कई जगह शोभा यात्रा के रूप में लोग मंदिर पहुंचे और भगवान के जन्म उत्सव में शामिल हुए इस दौरान भजन कीर्तन करते हुए भगवान का जन्म उत्सव मनाया। जन्माष्टमी पर शासन प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शहर भर में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की अधिकारी मौजूद रहे । इस दौरान गायकों ने सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया।

विवाद को लेकर हुई मारपीट में पांच लोगों पर मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पर विवाद के चलते हुई मारपीट को लेकर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ब्रज हाउसिंग बोर्ड निवासी ने अफरीदी खान , आयुष चौहान , रितिक चौहान , हर्ष मलैया और उपदेश के खिलाफ गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया। बताया जाता है कि 24 अगस्त को एन एम वी कैंपस में विवाद हुआ था, अब इसको लेकर मामला कराया गया है। वहीं इधर फरियादी की ससुराल कुम्हार मोहल्ला में लक्ष्मीबाई के साथ आरोपी बृजेश ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव

नर्मदापुरम। द चैम्प्स फन स्कूल में प्री-प्राइमरी के नन्हे विद्यार्थियों के लिए जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी के बच्चे भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी की मनमोहक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। नर्सरी और प्ले ग्रुप के बच्चों के अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत 'हरे कृष्ण, हरे रामा' के मधुर स्वागत मंत्र से हुई। इसके बाद प्रिंसिपल डॉ. आशीष चटर्जी एवं डायरेक्टर जूही चटर्जी का स्वागत किया गया। बच्चों ने 'अच्युतम केशवम' गीत की सुंदर प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण श्लोक प्रतियोगिता का फाइनल रहा, जिसमें प्ले ग्रुप, नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के चयनित विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ श्लोक प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का प्रथम चरण 1 अगस्त को आयोजित हुआ था।



निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 320 से अधिक लोग हुए लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंडी प्रांगण पिपरिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में लगे इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों द्वारा मौसमी बीमारियों, सर्दी-खांसी, बुखार, रक्तचाप, शुगर तथा जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक श्री अरविंद ठाकुर द्वारा सभी विभागों के कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए एवं सूक्ष्म व्यायाम का डेमो दिया गया। साथ ही रक्तचाप, मधुमेह और गठिया में लाभकारी योगासन और प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। आयुष विभाग के स्टॉल पर आने वाले सभी लोगों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला हर्बल काढ़ा पिलाया गया।

स्व. धर्मदास मिहानी के जन्मदिवस पर मिहानी परिवार ने गढ़ी सेवा और परोपकार की नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कहते हैं देह नश्वर है, लेकिन मनुष्य के कर्म और परोपकार समय के भाल पर अमिट हस्ताक्षर छोड़ जाते हैं। समाज में निस्वार्थ सेवा की मिसाल रहे पूर्व पार्षद एवं पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्व. धर्मदास मिहानी का जन्म स्मृति दिवस 4 सितंबर, मिहानी परिवार द्वारा सेवा दिवस के रूप में अत्यंत श्रद्धा और दार्शनिक भाव से मनाया गया। इस अवसर पर परिवार ने यह साबित कर दिया कि इंसान चला जाता है, लेकिन उसकी सेवा और संस्कार हमेशा समाज की रगों में जीवित रहते हैं।

शिक्षा का उजियारा और जीवन संगिनी का समर्पण



वार्ड क्रमांक 30 स्थित गर्ल्स स्कूल में स्व. मिहानी का जन्म स्मृति दिवस एक बेहद भावपूर्ण और सार्थक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती आशा मिहानी एवं पूरे मिहानी परिवार द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को स्कूल ड्रेस वितरित की गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी अपने इस 'मार्गदर्शक' को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सुलभ कॉम्प्लेक्स का एग्रीमेंट रिन्यू, शहर के 3 सुलभ कॉम्प्लेक्स फिर किए गए चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर के तीन महत्वपूर्ण सुलभ कॉम्प्लेक्स चालू हो गए हैं। तीन सुलभ कॉम्प्लेक्स का नए स्तर से एग्रीमेंट रिन्यू कर दिए गए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से एनएसजी ग्राउंड में बना सुलभ काम्प्लेक्स, लेंडिया बाजार क्षेत्र का और मीनाक्षी चौक के काम्प्लेक्स सुचारू हो गए हैं।

स्वच्छ भारत अभियान नोडल अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर के तीनों शौचालय का नए सिरे से एग्रीमेंट किया गया है। जिसके चलते उनका संचालन फिर से शुरू हो गया है। जिनमें प्रमुख रूप से एनएसजी ग्राउंड में बना सुलभ काम्प्लेक्स, लेंडिया बाजार क्षेत्र का और मीनाक्षी चौक के काम्प्लेक्स सुचारू हो गए हैं। लगातार व्यवस्थाएं बनाई जा रही है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही गंदगी फैलाने वालों को समझाइश भी दी जा रही है।



वरिष्ठ भाजपा नेता जसवीर सिंह छाबड़ा जिला कार्यसमिति में कार्यकारी सदस्य हुए मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के निर्देशानुसार संगठन का विस्तार करते हुए नर्मदापुरम जिला कार्यसमिति की घोषणा की गई है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह तथा नर्मदापुरम जिला प्रभारी अलकेश आर्य की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने जिला कार्यसमिति सदस्यों, स्थायी आमंत्रित सदस्यों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों के नामों की घोषणा की। इस नई जिला कार्यसमिति में इटारसी के वरिष्ठ एवं अनुभवी भाजपा नेता जसवीर सिंह छाबड़ा को कार्यकारी सदस्य मनोनीत किया गया है।



गौरतलब है कि छाबड़ा पूर्व में भी संगठन में जिला उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वे जनप्रतिनिधि के रूप में पार्षद एवं नगर पालिका में सभापति के पद पर रहकर क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। अपनी इस नई नियुक्ति पर जसवीर सिंह छाबड़ा ने शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश व जिला संगठन के साथ ही विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया है। छाबड़ा को मिली इस नई जिम्मेदारी से उनके समर्थकों और स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मनोनयन की खबर मिलते ही समर्थकों और शुभचिंतकों द्वारा बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। इसी क्रम में '7 स्टार' द्वारा छाबड़ा को फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारी की ढेरों शुभकामनाएं दी गईं।

लोक आदालत में बिजली चोरी लंबित प्रकरणों के होंगे समझौते

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 12 सितंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व राशि रू. दस लाख तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी।

चेतावनी: निर्धारित स्थान के अलावा कहीं भी दुकान लगाई तो होगी जब्ती की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाजार व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने सब्जी मंडी एवं फल बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी के सामने फल व्यवसाय करने वाले विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विधायक के निर्देशानुसार निर्धारित स्थान पर ही फल बाजार लगाया जाए। निर्धारित स्थान के अतिरिक्त सड़क, फुटपाथ अथवा किसी अन्य स्थान पर फल का व्यवसाय करते पाए जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के नगरपालिका द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

नपा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेलों एवं व्यवसाय में प्रयुक्त सामग्री को मौके पर ही जब्त किया जाएगा तथा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। निर्धारित व्यवस्था का पालन नहीं करने वाले विक्रेताओं के प्रति किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी।उन्होंने कहा कि बाजार व्यवस्था नागरिकों, व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं की सुविधा और हितों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई है। सभी फल विक्रेताओं के लिए यह अंतिम चेतावनी है कि वे निर्धारित स्थान पर ही व्यवसाय करें। इसके बाद नियम विरुद्ध व्यवसाय करते पाए जाने पर सीधे जब्ती एवं नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



शुक्रवार को झमाझम हुई बारिश आज भी है भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में शुक्रवार को बारिश का दौर एक बार फिर शुरू हुआ। शहर में रुक-रुक कर रिमझिम बारिश होती रही। 5 सितंबर तक जिले के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग में जारी किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण कहीं-कहीं तेज बारिश हो सकती है। वहीं 5 सितंबर तक बारिश की प्रबल संभावनाएं बन रही हैं । इसके साथ ही कई क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हो सकती है। बारिश के चलते नर्मदा का जलस्तर भी बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही मौसम विभाग में अलर्ट जारी किया है। वहीं कलेक्टर ने भी बाढ़ नियंत्रण विभाग को नजर रखने के निर्देश दिए हैं । ऊपरी क्षेत्र में बारिश होने से नर्मदा का जलस्तर बढ़ने पर अलर्ट की बात कही गई है । वैसे अब तक लगभग 27 इंच बारिश हुई है जो पिछले साल से काफी कम है। गौरतलब है कि बारिश होने से तापमान में भारी गिरावट आई है। मौसम विभाग का कहना है कि एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होगा।

पिछले साल की तुलना में कम हुई बारिश

जिले में 1 जून से 3 सितंबर को प्रातः8 बजे तक जिले में 689.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1189.1 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया है कि 4 सितम्बर को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को बारिश का दौर जारी रहा।

द पार्क रिजॉर्ट में संध्या 6 बजे से होगा कार्यक्रम का आयोजन

विपिन जोशी स्मारक समिति के 42वें राष्ट्रीय समारोह में देशभर के 40 श्रेष्ठ शिक्षक आज होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर इटारसी में शिक्षा जगत का एक भव्य और प्रतिष्ठित आयोजन होने जा रहा है। स्थानीय द पार्क रिजॉर्ट में संध्या 6 बजे से विपिन जोशी स्मारक समिति का 42वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस भव्य आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से चयनित 40 श्रेष्ठ शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष रमेश के साहू एडवोकेट ने जानकारी दी कि यह प्रतिष्ठित आयोजन आचार्य पंडित सोमेश परसाई के पावन सानिध्य में संपन्न होगा।

मुख्य अतिथि

डॉ. अजय गोयनका चेयरमैन, चिरायु हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज अजय गुप्ता पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल उषा खरे



केबीसी फेम होंगे।

गुरु वंदना और महाआरती से होगा शुभारंभ

यह आयोजन अपनी अनूठी सांस्कृतिक और पारंपरिक गरिमा के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत बेहद भावपूर्ण अंदाज में गुरुजनों के पद प्रक्षालन (चरण धोना) और भव्य महाआरती के साथ होगी, जो भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के उच्च आदर्श को दर्शाएगी।

प्रदेश का सबसे बड़ा अशासकीय आयोजन

संस्थापक संरक्षक पत्रकार प्रमोद पगारे, अध्यक्ष रमेश के साहू, सचिव विनीत चौकसे, कार्यक्रम के स्थायी संचालक अनिल झा, कोषाध्यक्ष निलेश जैन एवं प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से नगर के समस्त नागरिकों, बुद्धिजीवियों और शिक्षा प्रेमियों से अपील की है कि वे प्रदेश के इस सबसे बड़े अशासकीय शिक्षक सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर गुरुजनों का उत्साहवर्धन करें और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गायत्री परिवार ने किया मंत्र का जाप



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गायत्री परिवार नर्मदापुरम के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित अरुण नारखेड़े के निवास पर 24 हजार गायत्री मंत्रों का सामूहिक जाप एवं एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के परिजनों एवं कॉलोनीवासियों ने सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का जाप किया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में विभिन्न आहुतियां समर्पित की गईं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित विशेष आहुतियां भी यज्ञ में अर्पित की गईं। ज्ञातव्य हो कि गायत्री परिवार नर्मदापुरम द्वारा 24 हजार गायत्री मंत्रों के सामूहिक जाप एवं एक कुण्डीय यज्ञ की श्रंखला लगातार चलाई जा रही है। इस श्रंखला के अंतर्गत अब तक 22 कार्यक्रम पूर्ण हो चुके हैं और यह अभियान निरंतर जारी है।

शिक्षक दिवस पर विशेष: शिक्षक हीरामन ने साधारण स्कूल में पढ़ाने के दौरान तैयार कर दिए थे कई जवान

देश को सैनिक देने वाले शिक्षक हैं हीरामन मालवीय बैलगाड़ी से गांव पहुंचकर जगाई शिक्षा की अलख

- वर्तमान में देश के विभिन्न सुरक्षा बलों में पदस्थ इस शिक्षक के तैयार किए छात्र
- रिटायर्ड होने पर जुटे थे 250 जवान 20 किमी पैदल चलकर भेंट की थी स्कूटी।
- खेल मैदान पर आज भी बच्चों को देते हैं मार्गदर्शन।




सेवानिवृत्ति पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए अपने छात्रों के साथ शिक्षक हीरामन मालवीय

परवेज खान, बैतूल

यूं तो वे गांव के स्कूल के एक साधारण शिक्षक थे, लेकिन उनकी कार्यशैली ने न केवल उनके स्कूल को अलग नाम दिया, बल्कि उनकी पहचान देश को सैनिक देने वाले शिक्षक के रूप में बन गई। यही वजह रही कि उनके विदाई समारोह में देशभर से उनके दो सौ से ज्यादा पूर्व छात्र जुटे थे, जो देश के विभिन्न सुरक्षा बलों में पदस्थ है। जी हां, हम बात कर रहे हैं, बैतूल के रिटायर्ड शिक्षक हीरामन मालवीय की, वे अपने सेवाकाल के दौरान बैतूल जिले के दूरस्थ अंचलों में पदस्थ रहे। इस दौरान वे ना केवल स्कूल में बच्चों को पाठ्यक्रम पढ़ाते थे, बल्कि शरीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सुबह- शाम फिजिकल ट्रेनिग भी देते थे। इसके अलावा वे छात्रों को आर्मी और पुलिस समेत बलों में जाने के लिए प्रेरित भी करते थे। यही वजह रही, कि पाढर के छात्रावास में अधीक्षक के रूप में पदस्थ रहने के दौरान वहां के आधा दर्जन छात्र एक साथ देश सेवा में चयनित हुए थे। गांव का वह साधारण स्कूल एक सेना ट्रेनिंग स्कूल के रुप में ख्याति पाया और सहायक शिक्षक हीरामन मालवीय, एक सैनिक शिक्षक बन गए। इसके बाद वे जिस भी स्कूल में पदस्थ रहे, वहां के बच्चे सेना,पुलिस समेत और अन्य सुरक्षा बलों में चयनित होते रहे। वर्तमान में उनके पूर्व छात्र सेना -पुलिस विभाग में पदस्थ है। इसके अलावा कई छात्र अधिकारी बने, जो शिक्षक श्री मालवीय के प्रति बेहद कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। इसका एक उदाहरण सीआईएसएफ तमिलनाडु में पदस्थ बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी ब्लाक के झारकुंड गांव का आदिवासी युवक सरवन परते और खंडवा जिले के मत्यस्य विभाग में पदस्थ सहायक अधिकारी मनोज कवड़े है।


रिटायर्ड शिक्षक हीरामन मालवीय


(सीआईएसएफ तमिलनाडु में पदस्थ जिले के घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के झारकुंड गांव के आदिवासी युवक सरवन परते के साथ शिक्षक हीरामन मालवीय)

बैलगाड़ी से स्कूल पहुचकर जगाई शिक्षा की अलख

शिक्षक हीरामन मालवीय की प्रथम नियुक्ति जुलाई 1987 में सहायक शिक्षक के रूप में बैतूल जिले के सुदूर आदिवासी ग्रामीण अंचल ग्राम दामजीपुरा में हुई। उन दिनों बैतूल से भीमपुर तक दिनभर में मुश्किल से एक-दो बसें चलती थीं। भीमपुर से आगे लगभग 70 किलोमीटर की यात्रा अपने आप में एक चुनौती थी। संयोग से वन विभाग का कोई ट्रक मिल जाए तो यात्रा संभव होती थी, अन्यथा पैदल अथवा बैलगाड़ी ही सहारा थी। नई नियुक्ति के बाद संस्था में ज्वाइन करने के लिए श्री मालवीय ने अपने साथ एक माह का राशन लेकर यह लंबी यात्रा दो दिन में पैदल पूरी की थी। रहने के लिए बांस की खपच्चियों से बना एक छोटा सा झोपड़ीनुमा मकान था, लेकिन कठिन परिस्थितियां भी उनके उत्साह और कर्तव्यनिष्ठा को डिगा नहीं सकीं। उन्होंने स्कूल के छात्रों को खेलों में भी आगे बढ़ाया, इसके चलते स्कूल के छात्रों ने ब्लॉक जिला और संभाग से राज्य तक खेलों में अपना परिचय देते हुए खुद का और स्कूल तथा अपने जिले का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियों ने निकाला था 20 किमी पैदल जुलूस, सेवानिवृत्ति पर भेंट की थी स्कूटी

31 जुलाई 2026 को श्री मालवीय सेवानिवृत्ति हुई, तब उनके जीवन भर के सेवाभाव का अद्भुत प्रतिफल देखने को मिला। देश के विभिन्न क्षेत्रों में सेना, पुलिस, अर्धसैनिक बल और प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत उनके लगभग 250 से अधिक छात्र-छात्राएं अपने मार्गदर्शक शिक्षक को सम्मानपूर्वक विदाई देने के लिए एकत्र हुए। उन्होंने पाढर छात्रावास से बैतूल तक का लगभग 20 किलोमीटर का जुलूस निकालकर विदाई दी। इसके अलावा उन्हें सेवानिवृत्ति पर एक स्कूटी भी भेंट की गई।

सेवानिवृत्ति हुई, नहीं छोड़ी सेवा

31 जुलाई 2026 को सरकारी सेवा से हीरामन मालवीयजी अवश्य सेवानिवृत्त हो गए, लेकिन उनके भीतर का शिक्षक आज भी पूरी तरह सक्रिय है। श्री मालवीय आज भी प्रातः मैदान में पहुंच जाते हैं और युवाओं को शारीरिक अभ्यास, दौड़ तथा अन्य गतिविधियों के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जाकर वे विद्यार्थियों से घंटों संवाद करते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुशासन, दैनिक दिनचर्या, समय की पाबंदी और सफलता के सूत्रों पर तीन-तीन, चार-चार घंटे तक मार्गदर्शन देना, आज भी उनकी दिनचर्या का हिस्सा है। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने अपनी इस सेवा के बदले कभी आर्थिक लाभ की अपेक्षा किसी से नहीं की। न किसी पुरस्कार की अपेक्षा की, और न ही किसी सम्मान की आकांक्षा रखी।

पर्यावरण सेवा-एक मौन लेकिन अमिट अभियान

श्री मालवीय के व्यक्तित्व का एक अत्यंत उल्लेखनीय पक्ष उनकी पर्यावरण सेवा भी है।अध्यापन कार्य से बचे समय में वे केवल विद्यालय परिसर में ही नहीं, बल्कि नगर, ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों के खेतों में जाकर पौधारोपण भी करते रहे है। उन्होंने फलदार, औषधीय तथा विलुप्त होती प्रजातियों के पौधों को लगाने और बचाने का निरंतर प्रयास किया। विशेष बात यह है कि उन्होंने पर्यावरण सेवा को कभी प्रचार का माध्यम नहीं बनाया। लोगों को पौधे उपलब्ध कराना, स्वयं पौधारोपण करके दिखाना, खाद की व्यवस्था बताना, पौधों की देखभाल की जानकारी देना और फिर समय-समय पर उनका फॉलोअप करना.....यह सब उनके लिए किसी अभियान से अधिक एक जीवनशैली बन गया है।

जिले में आबकारी विभाग की सामूहिक दबिश, 4 प्रकरण दर्ज



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार के निर्देशानुसार शुक्रवार को वृत्त बैतूल के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सामूहिक जिला दबिश की कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह चढ़ार ने बताया कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कुमार भादे के नेतृत्व में 4 आबकारी विभाग की टीम द्वारा सुरगांव, कोलगांव, भयावाड़ी, गोराखार, खेड़ला सहित अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, के तहत कुल 4 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान कुल 6 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा, 32 पाव देशी मदिरा, 30 पाव विदेशी मदिरा तथा 6 बोल्ट बियर केन जब्त किए गए। जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 8,890 रुपये है। जिला दबिश की कार्रवाई में वृत्त बैतूल प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक पूजा मालवीय, आबकारी उपनिरीक्षक पंकज लोखंडे एवं जुथिका वर्मा सहित आबकारी मुख्य आरक्षक सत्येंद्र सिंह सिकरवार, राजेंद्र राठौर, कुंवरशाह धुर्वे, आरक्षक कुसुम धुर्वे, पूजा शर्मा एवं नगर सैनिक उपस्थित रहे। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

मुलताई पुलिस ने 9 किलो कॉपर वायर किया बरामद

किसानों के खेतों से केबल चोरी मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

किसानों के कुओं और ट्यूबवेल से तांबे की केबल वायर चोरी करने के मामले में फरार चल रहे तीन अन्य आरोपियों को मुलताई पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 9 किलोग्राम कॉपर वायर, जिसकी कीमत लगभग 5,400 रुपए है, बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक विकास पटेल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद तीनों आरोपियों को 3 सितंबर 2026 को न्यायालय में पेश किया गया।

शिकायत के बाद दर्ज हुआ था मामला

ग्राम सावंगी निवासी फरियादी प्रहलाद लोखंडे की शिकायत पर उनके तथा आसपास के किसानों नितेश सूर्यवंशी, दिवाकर देशमुख, अनुराग सूर्यवंशी, ओमप्रकाश पाल, नामदेव, नारायण बारस्कर एवं हेमराज सोनारे के कुओं और ट्यूबवेल से तांबे की केबल वायर चोरी होने के संबंध में मुलताई थाने में अपराध क्रमांक 699/26, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (इठर) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।



पूछताछ में सामने आए फरार आरोपियों के नाम

पुलिस ने मामले में पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों वासुदेव आहाके, बिसराम कवडे और फैजान से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान वारदात में शामिल तीन अन्य फरार सह-आरोपियों के नाम सामने आए। इसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम माजरी में घेराबंदी कर मुन्ना धुर्वे, आकाश उर्फ सोहन धुर्वे और अनिल कुमरे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के बाद आरोपियों के कब्जे से 9 किलोग्राम कॉपर वायर बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 5,400 रुपए है। मुन्ना पिता शंकर धुर्वे (50 वर्ष), निवासी ग्राम माजरी, थाना मुलताई,आकाश उर्फ सोहन पिता कमलेश धुर्वे (18 वर्ष 5 माह), निवासी ग्राम माजरी, थाना मुलताई,अनिल पिता स्व. रघु कुमरे (32 वर्ष), निवासी ग्राम माजरी, थाना मुलताई,पुलिस टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास पटेल, चौकी प्रभारी प्रभात पट्टन उपनिरीक्षक दिनेश कुमरे, चौकी प्रभारी मासोद उपनिरीक्षक अमित पवार, प्रधान आरक्षक बलराम, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिलारे, प्रधान आरक्षक हाकमसिंह आदि की रही भूमिका।

मुलताई में 8 सितंबर को भव्य दही हांडी मटकी फोड़ कार्यक्रम

मुलताई। विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर बजरंग दल मुलतापी द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विजेता टीम को 41,111 रुपए की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम 8 सितंबर 2026, मंगलवार को शाम 5 बजे से बजरंग दल चौक, मुलतापी में आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाआरती के पश्चात किया जाएगा।दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में मुलताई के अलावा आसपास के क्षेत्रों और बाहर से आने वाली विभिन्न टीमें हिस्सा लेंगी। टीमें ऊंचाई पर बांधी गई दही हांडी को फोड़ने के लिए अपने कौशल और साहस का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों द्वारा किए जाने वाले हैरतअंगेज करतब आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में पहुंचकर भव्य दही हांडी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आनंद लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

बच्चों ने कहा हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की

जन्माष्टमी पर आदिवासी अंचलों के स्कूल में पहुंचे जनप्रतिनिधि, बच्चों को बांटे उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

जन्माष्टमी का पावन पर्व इस बार ग्रामीण अंचल के सरकारी स्कूलों में भी धूमधाम से मनाया गया। मौका था आमला विकासखंड के ग्राम बड़ाखारी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का, जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन केक काटकर बेहद अनोखे अंदाज में मनाया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों की कलाकारी और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता ने इस आयोजन को शहर स्तर के कार्यक्रमों से भी भव्य बना दिया।

राधा-कृष्ण के रूपों से महका स्कूल परिसर

उत्सव के दौरान पूरा स्कूल परिसर भक्तिमय नजर आया। ज्यादातर छात्र-छात्राएं बाल कृष्ण और राधा रानी के स्वरूप में सजी पोशाक पहनकर स्कूल पहुंचे थे। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद जब बच्चों ने मिलकर विशाल केक काटा, तो पूरा विद्यालय परिसर 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा।



समाजसेवियों ने उठाई जिम्मेदारी, बच्चों को मिली स्टेशनरी और खेल सामग्री

इस धार्मिक आयोजन को समाजसेवा का माध्यम बनाते हुए कई दिग्गज नेता और समाजसेवी आगे आए। नगरपालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आवश्यक स्टेशनरी सामग्री बांटी। वहीं, अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय ने खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को खेल सामग्रियां भेंट कीं। दूसरी ओर, पार्षद राकेश शर्मा और आदिवासी नेता बिसराम उइके ने आंगनवाड़ी के नन्हें बच्चों को उपहार देकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी।

पंचायत की अनूठी पहलः स्कूल को मिलीं पंखों और ट्यूबलाइट की सौगात

ग्राम पंचायत की ओर से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का संदेश भी इस मंच से दिया गया। 'शिक्षा संजीवनी अभियान' के तहत ग्राम पंचायत की सरपंच सुखवंती इमारत उइके ने अपनी तरफ से शासकीय प्राथमिक शाला को पंखे और ट्यूबलाइट भेंट किए। स्कूल स्टाफ ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बच्चों को पढ़ाई के दौरान काफी सुविधा मिलेगी। इस दौरान स्कूल के शिक्षक शिवराम कुमरे, खातरकर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रामप्यारी इवने विशेष रूप से मौजूद रहे।

शिक्षकों और कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान, उमड़ी भीड़

बच्चों के इस उत्साहवर्धन कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी नहीं भूला गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए विद्यालय के शिक्षकों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवादल के जितेंद्र शर्मा ने बहुत ही आत्मीयता से किया। अंत में आभार ग्राम पंचायत जमदेहीखुर्द के सरपंच प्रतिनिधि इमारत उइके और शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमल परते ने व्यक्त किया। इस सफल आयोजन में नपा उपाध्यक्ष किशोर माथनकर, सेवादल नगर अध्यक्ष आशु बडें, पूर्व जनपद सदस्य अनिल इवने, उपसरपंच रुकमेश उइके, तुलाराम यादव, राजू इवने, पत्रकार अनिल सोनपूरे, सचिव सरवन मर्सकोले, पूर्व सरपंच सायबु इवने, शिवराज यादव, नीरज उइके, सुभाष इवने, बंटी मरकाम, संपत काकोडिया, राजेश, मसू समेत भारी तादाद में ग्रामीणजन और महिलाएं मौजूद रहीं।

दो कब्जाधारियों को मिला स्थगन आदेश

ताप्ती नाले में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को लौटना पड़ा

पालिका-राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई रुकी सात अन्य प्रकरणों में नहीं मिला स्टे, 10 सितंबर को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

ताप्ती नाले में अतिक्रमण हटाने की लंबे समय से चल रही प्रशासनिक कवायद को उस समय झटका लगा, जब कार्रवाई के लिए पहुंची नगर पालिका, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम को न्यायालय से जारी स्थगन आदेश के कारण वापस लौटना पड़ा। टीम 3 जेसीबी मशीन के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची थी, लेकिन कार्रवाई शुरू होने से पहले ही न्यायालय का आदेश सामने आने के बाद पूरी कार्रवाई रोकनी पड़ी। मामले में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायालय, मुलताई द्वारा राजेश पवार और अमित शर्मा से संबंधित प्रकरण में स्थगन आदेश जारी किया गया है। वहीं, बताया गया है कि कुल नौ प्रकरणों में से सात प्रकरणों में संबंधित पक्षों को फिलहाल स्थगन आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में इन प्रकरणों को लेकर आगामी न्यायालयीन कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

10 सितंबर को होगी सभी प्रकरणों में सुनवाई

मामले में नगर पालिका एवं शासन को आगामी 10 सितंबर को न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस प्राप्त हुआ था। इसी बीच राजेश पवार और अमित शर्मा की ओर से उनके अधिवक्ता द्वारा धारा 151 सीपीसी (कल्लौशील्ल * ढङ्कद्धी१२) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए प्रथम जिला एवं सत्र न्यायालय, मुलताई ने स्थगन आदेश पारित किया। स्थगन आदेश की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका की ओर से अधिवक्ता पंकज यादव ने मामले में शीघ्र सुनवाई के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सभी नौ प्रकरणों में नगर पालिका की ओर से वकालतनामा प्रस्तुत कर न्यायालय में उपस्थिति दर्ज करा दी गई है। शासन की ओर से भी वकालतनामा प्रस्तुत कर न्यायालय में उपस्थिति दर्ज कराई गई है।



कार्रवाई से पहले ही रोकनी पड़ी जेसीबी

ताप्ती नाले में अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन द्वारा लंबे समय से तैयारी की जा रही थी। नगर पालिका, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई की योजना बनाई गई थी। इसी क्रम में टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची थी। हालांकि, कार्रवाई शुरू होने से पहले ही न्यायालय से स्थगन आदेश की जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों को कार्रवाई रोकनी पड़ी। इसके बाद संयुक्त टीम को बिना कार्रवाई किए ही वापस लौटना पड़ा।

अब 10 सितंबर की सुनवाई पर टिकी नजरें

नगर पालिका के अधिवक्ता पंकज यादव ने बताया कि सभी संबंधित प्रकरणों में आगामी 10 सितंबर को प्रथम जिला एवं सत्र न्यायालय, मुलताई के समक्ष सुनवाई होगी। न्यायालय में होने वाली इस सुनवाई के बाद ही आगे की कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ताप्ती नाले में अतिक्रमण का मुद्दा लंबे समय से नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की तैयारी के बाद माना जा रहा था कि अब कार्रवाई धरातल पर दिखाई देगी, लेकिन न्यायालय से स्थगन आदेश मिलने के कारण फिलहाल यह मामला फिर कानूनी प्रक्रिया में पहुंच गया है। अब नगरवासियों की नजरें 10 सितंबर को होने वाली न्यायालयीन सुनवाई पर टिकी हैं। सवाल यह भी है कि जिन सात प्रकरणों में स्थगन आदेश नहीं मिला है, उनमें प्रशासन आगे क्या कदम उठाता है और जिन दो प्रकरणों में स्थगन मिला है, उनमें न्यायालय का अगला रुख क्या रहता है। लंबे समय से लंबित इस मामले का स्थायी समाधान कब और किस रूप में निकलता है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

आंगनवाड़ी केंद्र में जन्माष्टमी पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

पोखरनी में बाल गोपालों की धूम, राधा-कृष्ण बने नन्हे-मुन्हों ने लूटा दिल

भैंसदेही। जब छोटे-छोटे कदमों से राधा-कृष्ण आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे तो पूरा माहौल वृंदावन सा हो गया। मौका था नगर के वार्ड क्रमांक 02 स्वामी विवेकानंद वार्ड, पोखरनी आंगनवाड़ी केंद्र में मनाए जा रहे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर केंद्र के नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में सज-धज कर पहुंचे। मोर मुकुट, बांसुरी और लहंगा-चुनरी में सजे बच्चों ने मनमोहक नृत्य और भजनों की प्रस्तुति दी। बच्चों की किलकारी और भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति ने उपस्थित माता-पिता और ग्रामीणों का दिल जीत लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कविता कावड़कर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में छोटी उम्र से ही हमारे धर्म और संस्कृति के प्रति संस्कार जागृत होते हैं। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अतुलकर एवं सेक्टर सुपरवाइजर गीता मालवीय ने बताया कि भैंसदेही सेक्टर के अंतर्गत आने वाले सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।



कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक / डे-एन.यू.एल.एम./4014 // ई-टेंडर आमंत्रण सूचना // बैतूल दिनांक 03/09/26

(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रित प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

क्र.	ऑनलाइन निविदा क्र.	कार्य / सामग्री का विवरण	कार्य / सामग्री का विवरण, कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD.	निविदा को जमा अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_533871_2	Operation of Rasoi Yojna in Municipal Council Betul	1- 365 Days	1-2000/- 2-10000/-	15/09/26

नोटः-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बैतूल

खबर संक्षेप

बरखा वर्मा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश प्रभारी नियुक्त

सीहोर। प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने जिले में सक्रिय भाजपा नेत्री एडवोकेट बरखा वर्मा को स्व सहायता समूह प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने राज्यसभा सांसद सत्यनारायण जटिया भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार की अनुशंसा पर वर्मा को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया है। भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा नेत्री वर्मा को भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा विधायक सुदेश राय विधायक गोपाल इंजिनियर , रामस्वरूप शुक्रवेयर प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, मध्य प्रदेशअनुसूचित जाती जिला अध्यक्ष कैलाश भगाना प्रदेश छात्रावास सम्पर्क प्रभारी दीपक भानारे ने बधाई शुभकामनाएं दी। भाजपा नेत्री एडवोकेट बरखा वर्मा ने प्रदेश स्वसहायता समूह प्रभारी बनाए जाने पर शिवप्रकाश, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री भाजपा, महेन्द्र सिंह, प्रदेश प्रभारी मप्र सतीश उपाध्याय, प्रदेश सहप्रभारी मप्र हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा,डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री, अजय जामवाल क्षेत्रीय संगठन महामंत्री भाजपा, शिवे कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष अजा मोर्चा, मनोरंजन मिश्रा समस्त मोर्चा प्रभारी, श्याम महाजन प्रदेश कार्यालय मंत्री का आभार व्यक्त किया।

स्टेट हाईवे पर जलभराव स्थल की समस्या सुलझाने में नाकाम प्रशासन

सत्ता पक्ष के बड़े प्रतिनिधि का दबाव भी नहीं आया काम, नागरिक परेशान

स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या चार वर्षों से बनी हुई है। जिसके सुधार के लिए प्रशासन गंभीर नहीं है। नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत कर चुके लेकिन अब तक निराकरण नहीं किया गया।





फोटो 1- गुरुवार शाम एसडीएम द्वारा कराया गया गड्ढों का पुराव कार्य। फोटो 2- शुक्रवार को बरसात के दौरान पुनः गड्ढों में भरा गंदा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या चार वर्षों से बनी हुई है। जिसके सुधार के लिए प्रशासन गंभीर नहीं है। और हर बार की तरह इस बार भी गुरुवार शाम गड्ढे पूरने का औपचारिक काम प्रशासन ने किया है।

उल्लेखनीय है कि गत दिनों भाजपा नेता द्वारा दिए गए चेतावनी भरे ज्ञापन के बाद क्षेत्र की एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने स्थल के गिट्टी तथा बजरे से गड्ढों का पुराव कराया। लेकिन हमेशा की तरह ही पुराव कार्य समस्या समाधान के दृष्टिकोण को लेकर नाकाफी साबित हुआ है। तथा कार्य के 24 घंटे बाद पुनः हालत जस के तस हो चुके हैं। गड्ढे यथावत दिखाई दे रहे हैं, जिनमें बरसात से पानी भर गया है एवं आवाजाही की बाधा भी हमेशा की तरह बनी हुई है। मामले में नागरिकों ने मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम की सड़क सुधार को लेकर बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की है।

सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि का आवेदन बेअसर

उल्लेखनीय है कि गत दिनों भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने एसडीएम को आवेदन दिया था। जिसमें उल्लेख था कि अविलंब जलभराव समस्या का समाधान किया जाए। अन्यथा मंडल अध्यक्ष भाजपाईयों के साथ समस्याग्रस्त स्थल पर धरना देंगे। जिसके बाद एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने गड्ढों का पुराव कार्य तो कराया। लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो सका है। नागरिकों के अनुसार स्थाई समाधान के लिए जरूरी है कि मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा उक्त स्थल पर दो पाइप डालकर पुलिया बनाई जाए तथा वर्तमान तल से लगभग एक से डेढ़ फीट ऊंची सड़क का निर्माण किया जाए।

विधायक से अपेक्षा, नागरिकों की समस्या का हो निराकरण

मामले में नागरिकों का कहना है कि सत्ता पक्ष के प्रतिनिधियों तथा जनप्रतिनिधियों के प्रयास बेसर साबित हो रहे हैं व विपक्ष मामले में खामोश रहकर सत्ता पक्ष की कार्यप्रणाली पर नजर रखे हुए है। अतः इस स्थिति में अब समस्या पीड़ित नागरिकों की एकमात्र अपेक्षा विधायक विजयपाल से है। नागरिकों ने मांग की है कि विधायक अपनी जन समस्या के तुरंत समाधान के छवि को कायम रखते हुए चार वर्षों से बनी इस समस्या का भी समाधान कराएं। ताकि आवाजाही की बाधा स्थाई रूप से दूर हो सके। विदित हो कि हाईवे पर सड़क मरम्मत को लेकर आम नागरिक कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके हैं पर मामला सिफर रहा।

ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने पर डॉ. खान सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मुस्लिम नव जवान कमेटी, नर्मदापुरम द्वारा साईं कृष्णा रिजॉर्ट में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा, सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में कक्षा 8 में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर रहे असद अहमद खान को सम्मानित किया गया। साथ ही उनके पिता डॉ. अमजद खान को शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सनवर पटेल साहब, कैबिनेट मंत्री एवं अध्यक्ष मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड रहे। विशेष अतिथियों में सीताशरण शर्मा, विधायक नर्मदापुरम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, पीयूष शर्मा, शहर मुफ्ती जनाब अशफ़ाक़, भवानी शंकर शर्मा एवं भूपेंद्र चौकसे उपस्थित रहे। डॉ. अमजद खान द्वारा अन्य बच्चो के अलावा मुस्लिम समाज के बच्चों को शिक्षा के लिए लगातार प्रेरित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के प्रयासों की समारोह में विशेष सराहना की गई। उन्होंने ऐसे बच्चों को भी दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया, जो किसी कारणवश शाला से ड्रॉप आउट हो गए थे।

पिपरिया में 6 प्रकरण दर्ज, 180 किलो महुआ लाहन और 25 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। इस दौरान मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत कुल 6 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही के दौरान मौके से लगभग 180 किलोग्राम महुआ लाहन, 25 लीटर हाथभट्टी मदिरा तथा अवैध रूप से रखी गई देसी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई।

संभागीय प्रतियोगिता में काजल ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सेंट पैट्रिक स्कूल सोहागपुर की कक्षा नौवीं की छात्रा काजल साहनी ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं सोहागपुर का नाम गौरवान्वित किया है। जानकारी अनुसार गत दिनों हरदा में एसजीएफआई द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में काजल ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए उनका चयन हुआ है। छात्रा काजल की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य फादर दिलीप मिंज एवं विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पिपरिया में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर व एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित जनपद पंचायत क्षेत्र के द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष कलेक्टर सोमेश मिश्रा पुलिस अधीक्षक सांई क्रषणा थोट। विकास खंड चिकित्सा अधिकारी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी प्रदीप शर्मा प्राचार्य संजीव दुबे राम सोनी आर एल सिंह सभी सचिवसहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ पार्षदों जनपद सदस्य मंचासीन रहे कार्यक्रम

संचालन पी एन दुबे ने किया गया। सभी विभागों के द्वारा अपने अपने स्टाल लगाए गए थे। सभी अतिथियों ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा सहित निरीक्षण किया गया। ब्रक्षारोपड किया गया। दिव्यांग जनों को सामग्री उपलब्ध कराई गई। विद्यालय की छात्राओं को साइकिल वितरण की गई थी। कुछ हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। तथा प्रमाण पत्र अतिथियों ने प्रदान किए गए। सभी अतिथियों ने शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं उस पर सवाल जवाब किए।

कलेक्टर ने किया सिविल अस्पताल का दौरा

उसके बाद कलेक्टर सोमेश मिश्रा पुलिस अधीक्षक ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया गया। सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्क्रष्ट विद्यालय का निरीक्षण किया गया। बच्चों से सीधा संवाद स्थापित किया गया।

नगरपालिका परिषद के द्वारा पचमढ़ी बस स्टैंड पर कांप्लेक्स सहित शिव मंदिर बगीचासडक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

एसबीआई शाखा में की गई पेंशनर्स के साथ बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा में गत दिवस सभी पेंशनर्स के साथ बैंक प्रबंधन की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें पेशनर्स को डिजिटल बैंकिंग बावत प्रबंधन द्वारा सुझाव दिए गए। बैंक मैनेजर द्वारा पेंशनर्स के लिए प्रदत्त बैंक सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। वहीं सभी पेंशनर्स से भी सुझाव लिए गए। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक मनोहर लाल, स्टाफ सदस्य संतोष कुमार रघुवंशी, हितेन्द साहू, खुशबू तिवारी एवं बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा, आयोजित किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित अन्य सभी लोगों के द्वारा भगवान क्रषणा का जन्म दिन बहुत ही सुन्दर और धुमधाम से मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय पुष्टी मारगीय समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सार्वजनिक रूप से विशालकाय शोभायात्रा निकाली गई। जिसका जगह जगह पूजा अर्चना कर स्वागत सम्मान किया गया। नगर के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्क्रष्ट विद्यालय के अलावा अन्य सभी विद्यालयों में शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र के सहयोग से भगवान क्रषणा का जन्म दिन मनाया गया। कहीं मटकी फोड़ कर शुभारंभ किया गया। सभी विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगारंग समारोह आयोजित किया गया। बांसुरी बजा कर कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों के द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई।बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। शोभायात्रा में सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। मंदिरों में लगभग 13 वर्ष बाद रोहिणी नक्षत्र में जन्म दिन मनाया गया।रात भर भजन कीर्तन चलते रहे। पंजीरी का वितरण किया गया। माखन मिश्री के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

मनुष्य मिलन योग साधकों ने मनाया भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव



माखन नगर। योग संस्था मनुष्य मिलन योग साधना शिविर के साधकों ने भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया नगर के प्रमुख मार्गो से शोभा यात्रा निकाली जिसका राधा कृष्ण माहेश्वरी समाज मंदिर में महा आरती प्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ शोभायात्रा में सभी योग साधक शामिल हुए।

अहीर यादव समाज ने उत्साह से मनाई जन्माष्टमी



कृष्ण जन्माष्टमी पर अहीर यादव समाज ने वार्ड नंबर 15 से भगवान कृष्ण की सुंदर झांकी सजाकर शोभायात्रा निकाली शोभा यात्रा में महिलाएं और पुरुष पीले वस्त्र धारण किए हुए शामिल हुए और भगवान कृष्ण के भजन पर खूब झूमे क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह ने शोभा यात्रा में शामिल सभी भक्तों का फल खिलाकर स्वागत किया।

यादव समाज ने निकाला चल समारोह, श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



माखन नगर। जिला यादव समाज सेवा समिति ने पावन पर्व कृष्ण जन्माष्टमी पर गायत्री मंदिर से कृष्ण बाल स्वरूप की सुंदर झांकी सजाकर नगर में भव्य चल समारोह निकाला चल समारोह में ट्रैक्टर ट्राली में भगवान कृष्ण की बाल स्वरूप सुंदर झांकी सजाई गई थी डीजे पर धार्मिक भजन बैंड बाजे की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया। वहीं यादव समाज के लोगों का क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह ने फल खिलाकर स्वागत किया व भगवान कृष्ण की आरती की वहीं कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल कांग्रेसियों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए और जन्माष्टमी की बधाई दी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों एवं सामाजिक धार्मिक संगठन के लोगों ने जिला यादव समाज सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष यादव सहित सभी पदाधिकारियों का पुष्प हार से स्वागत किया।

स्कूलों, मंदिरों और घरों में विभिन्न आयोजन किए गए

परंपरा अनुसार धूमधाम से मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व शुक्रवार को परंपरानुसार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम व झांकी सज्जा प्रस्तुति भैया बहनों द्वारा दी गई।

संस्था संचालन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार जन्माष्टमी पर विद्यालय में कृष्ण स्वरूपों की झांकियों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा अंकिता तिवारी ने अतिथि रूप में उद्बोधन दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय के मंच के माध्यम से ही मैंने बहुत सीखा है तथा मैं जिस ऊंचाई पर हूं, वह विद्यालय के संस्कारों की ही देन है। अंकिता तिवारी ने सभी को पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय से 51 कृष्ण स्वरूप में भैया बहनों की प्रभावी प्रस्तुति रही। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथि में पूर्व छात्रा अंकिता तिवारी, योगेन्द्र मंडलोई, रामभरोसे सूर्यवंशी, हीरालाल गोलानी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज सहित शाला संचालन समिति संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, अध्यक्ष कृष्ण कुमार पालीवाल, देवराज पटेल, संजीव कुमार दुबे, सौरभ सोनी, प्राचार्य अशोक दुबे, अभिभावक, आचार्य-दीदी एवं भैया बहनों की उपस्थिति रही।

माखन चौक मित्र मंडल ने फोड़ी मटकी



माखन नगर। नगर के माखन चौक पर माखन चौक युवा मित्र मंडल भगवान कृष्ण की महा आरती का आयोजन किया जिसमें पूर्व विधायक सविता दीवान और नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए आरती के बाद माखन चौक युवा मित्र मंडल के युवाओं ने मटकी (दहीहांडी) फोड़ी युवाओं ने नगर के मुख्य मार्ग पर मटकी बांधी थी डी जे ढोल की थाप पर नृत्य करते हुए जुलूस निकाला और जगह-जगह मटकी फोड़ी। महा आरती में आकाश तिवारी अजीत सेठी मनीष चतुर्वेदी मुकेश मालवीय गिरीश वर्मा पार्षद विशाल साकूल सुरेश यादव सपनेश पुरोहित राजेंद्र बडगूजर रत्नेश बडगूजर सहित युवा मित्र मंडल के अनेक सदस्य शामिल हुए।

कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)
Municipal Council Pipariya Distt- Narmadapuram
पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरियो फोन नं. 07576-222041 पिन-461775
EMail-cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.पा./ राजस्व/2026/716 — पिपरिया दिनांक:- 01.09.2026

पंचम ई- निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका स्वामित्व के पुरानी गल्ला मंडी बी.जे.पी. कार्यालय के बाजू निर्मित दुकानों की नीलामी के लिये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है विवरण तालिका में वर्णित है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	दुकान नबंर	आरक्षण	प्रा.राशि	धरोहर राशि	निविदा फार्म शुल्क +GST
1	2026_UAD_532990_1	ब्लाक A दुकान नंबर 28	अनारक्षित	15.52 Lakh	11650 /-	2000 / रू
2	2026_UAD_532990_2	ब्लाक A दुकान नंबर 29	अनारक्षित	15.52 Lakh	11650 /-	2000 / रू
3	2026_UAD_532990_3	ब्लाक A दुकान नंबर 30	अनारक्षित	15.52 Lakh	11650 /-	2000 / रू
4	2026_UAD_532990_4	ब्लाक A दुकान नंबर 31	अनारक्षित	15.52 Lakh	11650 /-	2000 / रू
5	2026_UAD_532990_5	ब्लाक B दुकान नंबर 7	अनारक्षित	15.52 Lakh	11650 /-	2000 / रू
6	2026_UAD_532990_6	ब्लाक B दुकान नंबर 8	अनारक्षित	23.28 Lakh	17500 /-	5000 / रू
7	2026_UAD_532990_7	ब्लाक B दुकान नंबर 9	अनारक्षित	11.80 Lakh	8850 /-	2000 / रू
8	2026_UAD_532990_8	ब्लाक B दुकान नंबर 32	अनारक्षित	15.52 Lakh	11650 /-	2000 / रू
9	2026_UAD_532990_9	ब्लाक B दुकान नंबर 33	अनारक्षित	15.52 Lakh	11650 /-	2000 / रू
10	2026_UAD_532990_10	ब्लाक B दुकान नंबर 34	अनारक्षित	15.52 Lakh	11650 /-	2000 / रू
11	2026_UAD_532990_11	ब्लाक C दुकान नंबर 14	अनारक्षित	11.21 Lakh	8500 /-	2000 / रू
12	2026_UAD_532990_12	ब्लाक C दुकान नंबर 37	अनारक्षित	17.24 Lakh	13000 /-	2000 / रू
13	2026_UAD_532990_13	ब्लाक C दुकान नंबर 38	अनारक्षित	17.24 Lakh	13000 /-	2000 / रू
14	2026_UAD_532990_14	ब्लाक C दुकान नंबर 39	अनारक्षित	17.24 Lakh	13000 /-	2000 / रू
15	2026_UAD_532990_15	ब्लाक D दुकान नंबर 16	अनारक्षित	11.21 Lakh	8500 /-	2000 / रू
16	2026_UAD_532990_16	ब्लाक D दुकान नंबर 18	अनारक्षित	11.21 Lakh	8500 /-	2000 / रू
17	2026_UAD_532990_17	ब्लाक D दुकान नंबर 40	अनारक्षित	17.24 Lakh	13000 /-	2000 / रू
18	2026_UAD_532990_18	ब्लाक D दुकान नंबर 41	अनारक्षित	17.24 Lakh	13000 /-	2000 / रू
19	2026_UAD_532990_19	ब्लाक E दुकान नंबर 23	अनारक्षित	11.21 Lakh	8500 /-	2000 / रू
20	2026_UAD_532990_20	ब्लाक E दुकान नंबर 24	अनारक्षित	11.21 Lakh	8500 /-	2000 / रू
21	2026_UAD_532990_21	ब्लाक E दुकान नंबर 25	अनारक्षित	11.21 Lakh	8500 /-	2000 / रू
22	2026_UAD_532990_22	ब्लाक E दुकान नंबर 43	अनारक्षित	17.24 Lakh	13000 /-	2000 / रू
23	2026_UAD_532990_23	ब्लाक E दुकान नंबर 44	अनारक्षित	17.24 Lakh	13000 /-	2000 / रू

// समय तालिका //

क्रमांक	विवरण	दिनांक
1	टेंडर फार्म लेने की तिथि	02.09.2026 10:00 AM
2	टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि	16.09.2026 17:30 PM
3	प्रपत्र, इत्यादि का लिफाफा ए खोलने की तिथि	18.09.2026 10:00 AM
4	निविदा दर खोले जाने की तिथि	Will be provided later

नोटः- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2. प्रिमियम राशि एवं विकास शुल्क की संयुक्त गणना उपरांत ही उच्चतम राशि पर दुकान आवंटित की जावेगी।
3. विकास शुल्क की जानकारी नगर पालिका परिषद पिपरिया के राजस्व शाखा से लेवें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

शिक्षक दिवस पर विशेष: दृष्टिबाधित शिक्षक की पाठशाला से निकला लोको पायलट

तीसरी कक्षा तक निजी स्कूल में पढ़ने के बावजूद हिंदी पढ़ना नहीं आया, शिक्षक ने संभाला हाथ तो दीपक ने हासिल किया मुकाम

लोमेश कुमार गौर हरदा



शिक्षक की पहचान केवल इस बात से नहीं होती कि वह कितने विद्यार्थियों को पढ़ाता है, बल्कि इस बात से होती है कि उसके पढ़ाए विद्यार्थी जीवन में कितना आगे बढ़ते हैं। हरदा जिले के दृष्टिबाधित शिक्षक भगवान सिंह कलम ऐसे ही शिक्षक हैं, जिन्होंने अपनी शारीरिक चुनौती को कभी अपने कर्तव्य के आड़े नहीं आने दिया। खामापढ़वा की प्राथमिक शाला में पदस्थ रहते हुए उन्होंने कई बच्चों को पढ़ाया। वर्तमान में वे सुखरास में पदस्थ हैं। उनके पढ़ाए विद्यार्थियों में कई ने बेहतर मुकाम हासिल किया है। इनमें से एक हैं दीपक लखोरे, जिनका चयन रेलवे में लोको पायलट के पद पर हुआ है।

तीसरी तक निजी स्कूल में पढ़े, फिर सरकारी स्कूल ने बदली राह

दीपक लखोरे बताते हैं कि उन्होंने हरदा में कक्षा तीसरी तक एक निजी स्कूल में पढ़ाई की, लेकिन इसके बावजूद उन्हें हिंदी तक ठीक से पढ़ना नहीं आता था। इसी दौरान उनके परिवार को शिक्षक भगवान सिंह कलम ने सलाह दी कि दीपक को गांव ले आएं, वे उसे पढ़ाएंगे। इसके बाद दीपक का प्रवेश कक्षा चौथी में खामापढ़वा के शासकीय विद्यालय में कराया गया। शिक्षक



कलम के मार्गदर्शन में दीपक की पढ़ाई धीरे-धीरे बेहतर होती गई। उन्होंने कक्षा दसवीं तक गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई की। इसके बाद हरदा से आईटीआई की और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। मेहनत के साथ तैयारी करते हुए उन्होंने रेलवे की परीक्षा दी और पिछले महीने उनका चयन लोको पायलट के पद पर हुआ। उन्हें भुसावल में पदस्थ किया गया है और वर्तमान में वे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

अनुशासन के साथ पढ़ाई की आसान ट्रिक

दीपक बताते हैं कि शिक्षक भगवान सिंह कलम अनुशासन प्रिय थे। गलती होने पर डांटते भी थे और होमवर्क समय पर पूरा करवाते थे। उनकी खासियत यह थी कि वे कठिन विषय को भी आसान तरीके से समझाते थे। पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए वे विषय को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समझाते, जिससे बच्चों को विषय समझने में आसानी होती थी। दीपक के लिए शिक्षक कलम सिर्फ स्कूल के शिक्षक नहीं, बल्कि उनके जीवन की दिशा बदलने वाले व्यक्ति हैं। उनका कहना है कि यदि उस समय शिक्षक कलम ने उन्हें गांव बुलाकर पढ़ाने की पहल नहीं की होती तो शायद उनकी पढ़ाई और आगे का सफर अलग होता।

दूसरी कक्षा में चली गई दोनों आंखों की रोशनी

शिक्षक भगवान सिंह कलम की अपनी कहानी भी किसी प्रेरणा से कम नहीं है। वे बताते हैं कि जब वे कक्षा दूसरी में पढ़ते थे, तभी उनकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई। इसके बावजूद उन्होंने मन से हार नहीं मानी। ब्रेल लिपि के माध्यम से उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और आगे चलकर शिक्षक बने। दृष्टिबाधित होने के बावजूद उन्होंने शिक्षण को अपना माध्यम बनाया और बच्चों के भविष्य को संवारने में जुटे रहे। उनका मानना है कि किसी विद्यार्थी की कमजोरी उसकी सफलता में बाधा नहीं बननी चाहिए। जरूरत सिर्फ यह है कि शिक्षक उसकी क्षमता को पहचानकर उसे सही तरीके से मार्गदर्शन दे।

शिक्षा : ऐसी मिसाल को सलाम

भगवान सिंह कलम की कहानी बताती है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, लगन और इच्छाशक्ति से रास्ता बनाया जा सकता है। खुद चुनौतियों से लड़कर शिक्षक बने कलम ने अपने विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने का हौसला दिया। उनकी पाठशाला से निकले दीपक लखोरे का रेलवे में लोको पायलट बनना इस बात की मिसाल है कि एक समर्पित शिक्षक किसी विद्यार्थी की पूरी जिंदगी की दिशा बदल सकता है।

खबर संक्षेप

तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 को

हरदा। जिले में लंबित प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु 12 सितंबर को वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, हरदा तथा तहसील न्यायालय, टिमरनी व खिरकिया में किया जावेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के तहत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत बिल, जलकर, सम्पत्ति कर, बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामलें जो सेवा निवृत्ति लाभों से संबंधित है, राजस्व तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

पिछले 24 घंटों में जिले में 10.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 10.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 5.6 मि.मी., टिमरनी में 14.2 मि.मी., खिरकिया में 6.4 मि.मी., सिराली में 10.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 16.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 652.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 673.6 मि.मी., टिमरनी में 698 मि.मी., खिरकिया में 740.2 मि.मी., सिराली में 580 तथा रहटगांव में 571.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 4 सितम्बर तक 994.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

जन्माष्टमी के मौके पर गाडरी समाज ने शोभायात्रा निकाली

युवाओं ने भगवान लड्डू गोपाल की पालकी निकाली राधा और कृष्ण की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर शुक्रवार को हरदा में गाडरी समाज ने शोभायात्रा निकाली। रिमझिम बारिश के बीच निकली यह यात्रा खेड़ीपुरा स्थित राधाकृष्ण मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और वापस मंदिर पहुंची। जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों और नगर से समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भगवान लड्डू गोपाल की पालकी निकाली। शोभायात्रा के दौरान राधा-कृष्ण की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं और लोगों ने जयकारे लगाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। शोभायात्रा राधाकृष्ण मंदिर से शुरू होकर जैसानी चौक, सत्यनारायण मंदिर चौक, चांडक चौक और घंटाघर चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंची। यात्रा में डीजे का इस्तेमाल नहीं किया गया। बैंड-बाजे के साथ समाज के लोगों ने पारंपरिक तरीके से शोभायात्रा निकाली और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। कलाकारों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर नृत्य किया। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल लोग 'राधे-राधे' और 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारे लगाते हुए चले। रास्ते में कई सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। गाडरी समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल धनगर ने कहा कि समाज के लोगों को भगवान श्रीकृष्ण के कुल से जुड़े होने पर गर्व है। शोभायात्रा के बाद समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इस दौरान सामाजिक पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने बच्चों की अच्छी शिक्षा और सामाजिक एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



हरदा। परियोजना हरदा शहरी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 12 में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने राधा कृष्ण, सुदामा ग्वाल के बेस में अभिनय किया। राधा बनी बालिका वेदिका एवं कायरा ने बहुत सुंदर डांस की प्रस्तुति दी तथा बच्चों ने कविता कहानी सुनाए। कार्यक्रम में बच्चों को खीर पूरी खिलाई गई। वार्ड पार्षद रीना प्रजापति ने गर्भवती धात्री माताओं को लड्डू वितरित किए तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री शर्मा बच्चों को केले वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विवेक शर्मा, प्रभारी परियोजना अधिकारी भारती भल्लावी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डाली भद्रावले, राधा राठौर, सहायिका प्रमिला माली, कल्पना मेश्राम, बबली चंदेवा, गर्भवती धात्री माताएं किशोरी बालिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर लगा

कलेक्टर सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत कसरावद तहसील के ग्राम बांमदी में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने के साथ शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना रहा। शिविर में कलेक्टर गुरु प्रसाद ने समाधान ऑनलाइन की तर्ज पर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों से मौके पर ही उनके निराकरण की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को मंच पर बुलाकर क्षेत्र भ्रमण के दौरान की गई कार्रवाई की जानकारी भी जनसमुदाय के समक्ष प्रस्तुत कराई। कलेक्टर प्रसाद ने कहा कि अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं तथा आमजन को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से जनविश्वास शिविरों के माध्यम से प्रशासन जनता के बीच पहुंच रहा है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी भी प्राप्त की।

शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, खाद्य, शिक्षा, श्रम, सामाजिक न्याय, आयुष्मान भारत, आधार, समग्र ई-केवाईसी, रोजगार एवं स्वरोजगार सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। यहां पात्र हितग्राहियों को सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ नए आवेदनों का पंजीयन, दस्तावेजों का सत्यापन, शिकायतों का त्वरित निराकरण तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 378 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिनमें 131 पुरुष एवं 247 महिलाएं शामिल रहीं। शिविर के दौरान 102 सामान्य बीमारी के मरीजों तथा 23 गर्भवती महिलाओं (एएनसी) का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक जांच की गई। साथ ही 07 गर्भवती महिलाओं की ई-केवाईसी की गई तथा 5 टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित की गई।

शिविर में 49 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त टीबी जांच के लिए 25 लोगों के एक्स-रे, सिकल सेल रोग की 127 जांचें तथा हड्डी रोग से संबंधित 15 मरीजों की जांच की गई। आयुष विभाग द्वारा 129 मरीजों को जांच एवं उपचार प्रदान किया गया। बीपी, शुगर एवं अन्य सामान्य रोगों से संबंधित मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी एवं आवश्यक अपडेट किए गए। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के 20 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा उन्हें योजना के लाभ एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

शिविर में नागरिकों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, एनीमिया नियंत्रण, गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं उपचार तथा शासन की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं क्षेत्र के नागरिकों ने शिविर में सहभागिता कर विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा, डीएफओ रमेश राठौर, एसडीएम अनिल जैन, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीना किराड़, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जन्माष्टमी व रक्षाबंधन पर बहनों की खुशियां मातम में बदली

पाडल्या के पास यात्री बस पलटी - 13 घायल, 5 की हालत गंभीर



झिरन्या। जन्माष्टमी के खुशी के मौके पर शनिवार प्रातः 10:30 बजे पाडल्या गांव के समीप बुरहानपुर की ओर जा रही हबीब सुरूर ट्रेवल्स की यात्री बस ब्रेक फेल होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें 13 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 5 को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें सिर में 5 से 7 टांके तक लगाए गए हैं। बताया जाता है कि जन्माष्टमी के दिन कई बहनें अपने भाइयों को राखी बांधकर ससुराल लौट रही थीं, तो कुछ बहनें रक्षाबंधन मनाने मायके जा रही थीं। इसी दौरान सुबह करीब 10:30 बजे पाडल्या गांव के मोड़ पर बस के ब्रेक फेल हो गए। उक्त बस धूलकोट-असीरगढ़ होते हुए बुरहानपुर जा रही थी।

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने दिखाई तत्परता : सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चैनपुर (झिरन्या) गणपत कनेल, हेलापड़ाव चौकी प्रभारी नंदकिशोर राय, आरक्षक राहुल आटपाड़कर, धर्मेंद्र यादव, जितेन्द्र जमालकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से निकालकर शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। थाना प्रभारी कनेल अस्पताल भी पहुंचे और घायलों को आवश्यक मदद दी। इस दौरान डॉ. दीपक शस्त्रे, डॉ. मोईन पठान व स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्काल उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार घायल खतरे से बाहर हैं, सिर पर चोट होने से सीटी स्कैन के लिए खरगोन रेफर किया जाएगा। बस मालिक साबिर बी निवासी खरगोन बताया गया है। ड्राइवर आरिफ बेग और कंडक्टर दिनेश फरार हो गए हैं।

ये लोग हुए घायल

1. शीतल पिता जितेन्द्र वास्कले उम्र 05 साल नि. परतकुंडिया थाना निंबोला
2. प्रमिला पति सुनील वास्कले उम्र 22 नि. इच्छापुर, बुरहानपुर
3. बुधिबाई पति सुनील अलावे उम्र 28 नि. पाडल्या
4. सुनीता पति जितेन्द्र वास्कले उम्र 25 नि. परतकुंडिया
5. शिवा पिता सुबा मानकर उम्र 20 नि. चिरिया
6. दीपाली पिता सिकदार मानकर उम्र 16 नि. चिरिया
7. उषा पिता बाज्या वास्कले उम्र 16 नि. काकोडा
8. बिनाबाई पति रिकेश डावर उम्र 25 नि. नावरा टंकी, नेपानगर
9. रिकेश पिता प्यारसिंह डावर उम्र 27 नि. नावरा टंकी
10. विजय पिता रिकेश डावर उम्र 11 नि. नावरा टंकी
11. रेखा पति बाज्या उर्फ बाजीराव वास्कले उम्र 30 नि. काकोडा
12. श्यानीबाई पति घिसिया भील उम्र 65 नि. डाबरिया
13. घिसिया पिता गना भील उम्र 68 नि. डाबरिया, थाना कोतवाली खरगोन

लिखापढ़ी के लिए कोर्ट में पहुंचे थे

कोर्ट परिसर में दो पक्षों के बीच मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

हरदा। जिला मुख्यालय के कोर्ट परिसर में गुरुवार को दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मारपीट के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दी। विवाद एक दंपती के अलग रहने और सामान/गहनों को लेकर हुआ। शहर के वार्ड नंबर-28 की एक कॉलोनी में रहने वाले युवक की शादी 2019 में टिमरनी थाना क्षेत्र की युवतीसे हुई थी। दोनों का छह साल का बेटा है। 1 अगस्त को रीना अपने बेटे और पति को छोड़कर चली गई। इसके बाद वह अपने पुराने परिचित दिनेश के साथ रहने लगी। पति-पत्नी ने अलग रहने का फैसला किया था। इसी संबंध में लिखापढ़ी के लिए दोनों कोर्ट में वकील के पास पहुंचे थे। दीपक का कहना है कि उसने एक रात करीब 2 बजे पत्नी को मोबाइल पर किसी व्यक्ति से बात करते देखा था। इसके बाद उसने रीना के परिजनों को इसकी जानकारी दी और उसे समझाने के लिए बुलाया। दीपक के मुताबिक, रीना रात में अपने गहने और कपड़े लेकर घर से चली गई। गुरुवार को कोर्ट में उसने पत्नी से अपने गहने वापस मांगे। आरोप है कि इसके बाद रीना के साथ आए दिनेश और उसके भाइयों ने उसके साथ मारपीट की। रीना का आरोप है कि उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। उसने बताया कि इस वजह से वह आत्महत्या करने जा रही थी। उसने अपने पुराने दोस्त दिनेश को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद दिनेश ने उसे अपने साथ रखने की बात कही। रीना के अनुसार, वह करीब एक महीने से दिनेश के साथ रह रही है। उसने गहने लेकर जाने से इनकार किया है। उसका कहना है कि वह सिर्फ एक हार पहनकर गई थी। रीना ने आरोप लगाया कि कोर्ट में वकील के पास पहुंचने के बाद पति और उसके भाइयों ने मारपीट शुरू की। उसके मुताबिक, उन्हें तलाक के कागजों पर दस्तखत करने के लिए हरदा बुलाया गया था। उसने पति की ओर से लगाए गए मारपीट के आरोपों को झूठा बताया है। मारपीट के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। मामले में पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

हरदा। जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम सोडलपुर रोड पर सड़क हादसा हुआ। राधा बाई की पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर घायल है। घायल को टिमरनी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान रोहित (23) पिता रामदयाल धुर्वे के रूप में हुई है। घायल युवक का नाम राजा पिता रामप्रसाद धुर्वे है। दोनों ग्राम बिल्लोद के रहने वाले हैं। दोनों बाइक से खमगांव जा रहे थे। इसी दौरान राधा बाई की पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल राजा को टिमरनी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, रोहित के शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह भेज दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार सुबह किया जाएगा। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

दुर्घटनाओं में मृत्यु को नियंत्रित करने किए जा रहे उपायों की समीक्षा की

सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु कम करना संबंधित विभागों का साझा दायित्व : सप्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की गई।

इस दौरान संबंधित विभागों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे कार्यों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन एवं सुधार, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई, यातायात व्यवस्था में सुधार, सड़क इंजीनियरिंग से जुड़े सुधारात्मक



कार्य तथा दुर्घटनाओं में मृत्यु को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। न्यायमूर्ति सप्रे ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुधार करने, यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति निरंतर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु को कम करना सभी संबंधित विभागों का साझा दायित्व है। मध्यप्रदेश में पिछले कुछ समय में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में कमी आई है, जो संतोषजनक है, लेकिन इसे और बेहतर करने के लिए निरंतर एवं प्रभावी प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का प्रमुख ध्येय दुर्घटनाओं में होने वाली प्रत्येक मृत्यु को रोकना होना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश में पिछले पांच वर्षों के सड़क दुर्घटना संबंधी आंकड़ों के आधार पर अधिक मृत्यु वाले जिलों की पहचान कर उन्हें जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित करने की पहल की गई है।

मध्यप्रदेश में प्रारंभिक रूप से धार, खरगोन, रीवा, सतना, सागर और जबलपुर को ऐसे जिलों में शामिल किया गया था। अब इंदौर, भोपाल और उज्जैन को भी इसमें शामिल किया गया है। इस प्रकार प्रदेश के कुल नौ जिलों को जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्टह्ल बनाने का लक्ष्य रखा गया है।न्यायमूर्ति सप्रे ने कहा कि जीरो फैटलिटी केवल घोषणा तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसा सुरक्षित वातावरण तैयार करना उद्देश्य है, जिसमें सड़क दुर्घटना में एक भी व्यक्ति की मृत्यु न हो।

पैदल चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार

न्यायमूर्ति सप्रे ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षित रूप से पैदल चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। सड़क निर्माण और डिजाइन करते समय पैदल यात्रियों के लिए पर्याप्त एवं सुरक्षित फुटपाथ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि किसी सड़क पर फुटपाथ या पैदल चलने के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध नहीं है और इसी कारण दुर्घटना होती है, तो संबंधित सरकारी एजेंसियों की जवाबदेही तय हो सकती है। उन्होंने कहा कि फुटपाथ उपलब्ध होने के बावजूद यदि कोई व्यक्ति उसका उपयोग नहीं करता है तो स्थिति अलग है, लेकिन जहां फुटपाथ बनाया ही नहीं गया है, वहां पैदल चलने वाले व्यक्ति के पास सड़क पर चलने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता। उन्होंने सड़क किनारे बैठे, खड़े अथवा घूमते रहने वाले लोगों तथा सड़कों पर मौजूद अवरोधों से होने वाली दुर्घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की। न्यायमूर्ति सप्रे ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल वाहन चालकों की जिम्मेदारी नहीं है।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।